महत्वपूर्ण एवं खास

लिफ्ट के बहाने बाइक सवार के बैग से कैमरे का लैंस पार किया, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। लिफ्ट के बहाने मोटरसाइकिल से जा रहे युवक के बैग से कैमरा का लेंस चोरी कर लिया घटना की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा निवासी अमित साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 15 फरवरी को मोटरसाइकिल से बैग में कैमरा का लैंस लेकर घर जाते समय स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास एक युवक को लिफ्ट दिया था। मेजबान होटल आमापारा के पास युवक मोटरसाइकिल से उतर गया। घर जाने पर दूसरे दिन बैग चेक करने पर कैमरा का लैंस सोनी कंपनी का एक नग कीमत 10 हजार रुपये नहीं था, प्रार्थी को आशंका है कि लिफ्ट के बहाने आरोपी युवक ने प्रार्थी से कैमरा का लैंस चोरी करके फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार, 65 पव्वा अंग्रेजी शराब जब्त

रायपुर (आरएनएस)। गुढ़ियारी क्षेत्र में अवैध शराब बेचने के जुर्म में पुलिस ने पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अलग-अलग जगहों से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 65 पव्वा अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने अवैध शराब बेचने की सूचना पर रेलवे लोको खोली गुढ़ियारी के पास रमेश साहू 52 वर्ष को रंगे हाथों अवैध शराब बेचते पाये जाने पर 33 पव्वा अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसी तरह गोंदवारा रोड अंडरब्रिज के पास शेख तवरेज 34 वर्ष को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके पास से 32 पव्वा अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34-2 के तहत कानूनी कार्रवाई किया गया है।

कंपनी में काम करते वक्त गर्म डस्ट की चपेट में आने से 4 मजदूर झुलसे

» प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। कंपनी में काम करते समय चार मजदूर गर्म डस्ट गिरने से बुरी तरह झुलस गये। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने कंपनी प्रबंधक के खिलाफ बिना सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये बिना काम कराने के जुर्म में अपराध दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रामेश्वर नगर भनपुरी खमतराई निवासी नारायण तिवारी 34 वर्ष ने धरसींवा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 20 फरवरी को वंदना ग्लोबल फैक्ट्री सिलतरा में प्रार्थी एवं तीन अन्य मजदूरों के उपर गर्म डस्ट गिर जाने से हाथ एवं गाल जल गया वहीं वेल्डर हरीश चंद्र नागवंशी बुरी तरह से झुलस गया है। कंपनी में काम करवाते वक्त प्रबंधक द्वारा कोई सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराया गया था जिसके चलते मजदूर काम करते वक्त गर्म राख की चपेट में आने से झुलस गये।

अजीत जोगी को रायपुर लाया गया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के बाद पूर्व सीएम अजीत जोगी को आज स्टेट प्लेन से राजधानी रायपुर लाया गया है। इधर अमित जोगी ने ट्वीट कर सीएम श्री बघेल को धन्यवाद दिया है। ज्ञात हो कि पूर्व सीएम अजीत जोगी कल अंबिकापुर में अस्वस्थ्य हा गए थे। लगातार आ रहे बेहोशी के बाद उन्हें आनन-फानन में ही अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इधर राजमाता की तेरहवीं में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जैसे ही श्री जोगी के तबियत की जानकारी मिली वे सीधे श्री जोगी का हालचाल जानने पहुंचे। इस दौरान उपस्थित चिकित्सकों से उन्होंने श्री जोगी के स्वास्थ्य की जानकारी लेकर बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने का निर्देश दिया था।

साइंस कालेज मैदान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह 25 को

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में 25 फरवरी को होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह की तैयारियां तेज हो गई है। शहर के साइंस कालेज मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अलावा राज्य सरकार के तमाम मंत्री, विधायकगण और गणमान्य नागरिक भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह की तैयारियों को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। साइंस कालेज मैदान को भव्य ढंग से सजाया जा रहा है।

उइके राज्यपाल आदिवासी औद्योगिक संवर्धन एवं संचालन सम्मेलन में हुई शामिल

» मेक इन इंडिया की अवधारणा को साकार करने की दिशा में यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री की मेक इन इंडिया की अवधारणा को साकार करने की दिशा में यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है। आजादी के 70 सालों के बाद हमारे आदिवासी बंधुओं की यह सोच जो सामने आई है, वह वाकई सराहनीय है। आदिवासी समाज के द्वारा खुद की कंपनी बनाई जा रही है और दूसरों को रोजगार भी दिये जाने की पहल की जा रही है।

इसके लिए मैं ट्राईबल कोल फील्ड प्राइवेट लिमिटेड, मुरमू पावर जनरेशन प्राइवेट लिमिटेड और अन्य सहयोगियों को शुभकामनाएं देती हूं। राज्यपाल आज व्ही.आई.पी. रोड, राजीव गांधी मार्ग स्थित एक निजी होटल में आयोजित आदिवासी औद्योगिक संवर्धन एवं संचालन सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी।

उइके ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में राज्यपाल को पांचवी अनुसूची के माध्यम से महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार दिए गए हैं। जब मैं पिछले दिनों राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के सम्मेलन में शामिल हुई तो आदिवासियों के अधिकारों से जुड़े प्रावधानों पर चर्चा करने के लिए एक उप समूह बनाया गया था, जिसमें इस विषय पर वृहत चर्चा हुई, तब यह बातें सामने आए कि अभी भी कुछ राज्यों में परामर्शदात्री समिति का गठन तो हुआ है परन्तु इनकी बैठकें नियमित नहीं हो पा रही है। यह बैठकें नियमित होनी चाहिए। पेसा कानून बनाए गए हैं परन्तु उनके नियमों को बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह आप सबकी जिम्मेदारी है कि अपने-अपने राज्यों में पांचवी अनुसूची और पेसा कानून की जानकारी दें और समाज को जागरूक करें।

सुश्री उइके ने सुझाव देते हुए कहा कि आदिवासी क्षेत्र में जो भी परियोजना या उद्योग धंधे स्थापित हों, वहां विस्थापन आवश्यक हो तो उसके बदले उन्हें मुआवजा-जमीन तथा रोजगार भी अनिवार्य रूप से दी जाए। वहां के स्थानीय युवाओं को तकनीकी रूप से प्रशिक्षण दिया जाए। उनके कौशल विकास के लिए ऐसी विशिष्ट योजनाएं बनाई जाए, जो उनकी परम्पराओं, व्यवहार, उनके सदियों के कौशल ज्ञान को ध्यान पर आधारित हो। आदिवासी परम्परागत शिल्प बनाने में माहिर हैं और हमें उन्हें इस क्षेत्र में कुशल बनाए जाने की आवश्यकता है। इनके लिए समुचित बाजार भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें अपने उत्पाद का उचित मूल्य मिल सके। यह कार्यक्रम 'अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के संरक्षण और अधिकार' विषय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर ट्राईबल कोल फील्ड प्राइवेट लिमिटेड के पहले दो शेयर होल्डर को सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ ने दिया धरना

» मांग पूर्ण नहीं होने पर 1 मई से काली पट्टी लगाकर भूख हड़ताल करते हुए करेंगे ड्यूटी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य में एक नवंबर 2004 से नवीन अंशदायी पेंशन योजना कर्मचारियों के लिए लागू की गई है। जो पूर्णतः बाजार पर आधारित जोखिम पूर्ण है। राज्य सरकार के द्वारा कर्मचारियों का अंशदान 10 प्रतिशत एवं नियोक्ता/सरकार द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान कुल 20 प्रतिशत व केंद्रीय कर्मचारियों के मामले में 24 प्रतिशत बाजार में लगाया जा रहा है।

उक्त राशि की सेवानिवृत्ति के उपरांत कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन कितना निर्धारित होगा तथा पीएफ में कितनी राशि मिलेगी उक्त राशि को एग्जायी कर सेवा काल निकालना जटिल है। उक्त स्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कल्याण संघ द्वारा 2004 से पूर्व पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर आज बूढ़ापारा धरनास्थल में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरने में सर्वविभागीय 10 हजार सदस्य शामिल हुए। उक्त धरने का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु, अमरीक सिंह राष्ट्रीय संयोजक के नेतृत्व में दिया गया।

धरने के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली के लिए रैली निकालकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी के अनुसार पुरानी पेंशन योजना लागू होने से रेलवे एवं केंद्रीय कार्यालयों के 3 लाख कर्मचारियों को उक्त धरने के उपरांत पेंशन योजना का फायदा मिलेगा।

मुख्यमंत्री आज रायपुर और दुर्ग जिले कार्यक्रमों में शामिल

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर और दुर्ग जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्र मों में भाग लेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत वे आज दोपहर 2 बजे भिलाई-3 हेलीपेड से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 2.15 बजे दुर्ग जिले के पाटन तहसील अंतर्गत ग्राम बटंग पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ग्राम बटंग में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज महाअधिवेशन में भाग लेंगे।

जल संसाधन सचिव ने ली सरगुजा संभाग के अधिकारियों की बैठक

रायपुर। जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग सचिव श्री अविनाश चंपावत ने दोनों विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक सरगुजा मुख्य अभियंता कार्यालय, हसदेव गंगा कछार के सभाकक्ष में ली। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग (सरगुजा संभाग) के समस्त अधिकारियों को केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन पर चर्चा की गई। चंपावत द्वारा सरगुजा संभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की आबादी की गणना अनुसार आवश्यक जल मात्रा की गणना करने और गणना के आधार पर जल की उपलब्धता से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों को तत्काल अवगत कराने के लिए निर्देश दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों को मार्च 2020 तक योजनांतर्गत ग्रामीण शहरी क्षेत्र की आबादी के पेयजल योजना को संपूर्ण राज्य हेतु तैयार करने अधिकारियों को जानकारी साझा करने निर्देश दिए।

होली के लिए सजने लगे रंग-गुलाल के थोक बाजार

रायपुर(आरएनएस)। रंगों के त्योहार होली को अब महज पखवाड़े भर का समय शेष रह गया है। राजधानी के थोक बाजार में होली का बाजार सजना शुरू हो गया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाजार में तरह-तरह के रंग-गुलाल और पिचकारियों की नई श्रृंखला आ गई है।

व्यापारी इस बार भी सचेत हैं और चाइना मेड रंग-गुलाल और पिचकारियां बेचने से बच रहे हैं। राजधानी के थोक बाजार में होली की खुमारी अब चढ़नी शुरू हो रही है। शहर के मालवीय रोड, गोलबाजार, बंजारी मंदिर क्षेत्र स्थित थोक दुकानों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सजनी शुरू हो गई है।

शहर में रंग-गुलाल और पिचकारियों का व्यापार करने वाले व्यापारियों के अनुसार होली में महज 15 दिन का समय शेष रह गया है। ऐसे में फुटकर व्यापारियों के लिए यही सही समय होता है, जब वो खरीददारी कर सकें। हालांकि थोक में खरीददारी होली के सप्ताह भर पहले तक होती है।

लेकिन अधिकांश फुटकर व्यापारी होली पर्व के 15 दिन पहले से ही खरीददारी शुरू करते हैं। लिहाजा फुटकर व्यापारियों के लिए थोक व्यापारियों ने मार्केट शुरू कर दिया है। हर बार की तरह इस बार भी होली सामग्रियों के थोक व्यापारी चाइना मेड पिचकारी और अन्य वस्तुएं रखने से परहेज कर रहे हैं।

लिंगोदेव पथ में बाईक रैली का आयोजन बस्तर मे विकास और शांति का प्रतीक बनेगा- मंत्री कवासी लखमा

रायपुर। कोण्डागांव जिले के बहुप्रतिक्षित (मर्दापाल से खालेमुरवेण्ड तक 150 किलोमीटर) नवनिर्मित सड़क के लोकार्पण उत्सव में आयोजित बाईक रैली का शुभारंभ प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने हरी झण्डी दिखाकर किया।

इस ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने के लिए बस्तर सांसद श्री दीपक बैज, कोण्डागांव विधायक श्री मोहन मरकाम, विधायक नारायणपुर श्री चन्दन कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री देवचन्द मातलाम, बस्तर आईजी पी सुन्दरराजन, कलेक्टर श्री नीलकण्ठ टीकाम, पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत कुमार सहित सभी विभागो के जिला प्रमुख अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे। इस मौके पर मंत्री श्री लखमा ने ग्रामीणों और रैली मे भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लिंगोदेव पथ का लोकार्पण राज्य शासन के अथक प्रयासो का परिणाम है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप नवनिर्मित यह मार्ग बस्तर मे विकास एवं शांति का एक नए युग का सूत्रपात करेगा। इस मार्ग के बनने से क्षेत्र मे विकास की असीम संभावनाएं बढ़ेगीं और दशको से अलग-थलग पड़े ग्रामो का उद्धार होगा। इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि ग्रामीण और जिला प्रशासन साधुवाद का पात्र है जिन्होंने सार्थक प्रयास कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

एसोसिएशन ऑफ इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेकनिक महाविद्यालय के 525 शिक्षकों को नहीं मिला सातवां वेतनमान-एसबी वराठे

रायपुर(आरएनएस)। एसोसिएशन ऑफ इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेकनिक कालेज टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एसबी वराठे ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रदेश के 525 पॉलीटेकनिक शिक्षकों को अब तक सातवां वेतनमान नहीं मिला है। जबकि कालेज में अन्य वर्ग के कर्मचारियों को सातवां वेतनमान मिल चुका है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2020 की अवधि गुजर गई तो शिक्षक उक्त वेतनमान के लाभों से वंचित हो जाएंगे। पत्रकारवार्ता में कोषाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. अजय त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से बताया कि उक्त मामले में मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षामँत्री को ज्ञापन सौंपा गया है। सातवां वेतनमान नहीं मिलने पर सदस्य धरना प्रदर्शन करेंगे।

धारदार हथियार टंगिया से आतंक फैला रहा आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के नगरनार थाना क्षेत्र अंर्तगत नेशनल हाईवे 30 पर धारदार हथियार टंगिया से आतंक फैला रहे आरोपी सोनाचंद ग्राम सेमरा के सोनारपारा निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से धारदार हथियार टंगिया जप्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धारदार हथियार टंगिया से आतंक फैला रहे आरोपी सोनाचंद नशे में धुत होकर नेशनल हाईवे में सेमरा के पास आने जाने वाले लोगों को धारदार हथियार दिखाकर रोककर जान से मारने की धमकी दे रहा था। जिसकी सूचना 112 को दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची 112 की टीम ने इस आरोपी को दबोच लिया है। आरोपी सोनाचंद नशे का आदि है, इसने 02 दिन पूर्व अपने बड़े भाई की चाकू से आंख में वार करने से गंभीर अवस्था मे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी आए दिन इलाके में धारदार हथियार लेकर दहशत का माहौल पैदा करता है और कई लोगो के साथ मारपीट भी कर चुका है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सोनाचन्द ग्राम सेमरा के सोनारपारा निवासी को गिरफ्तार करने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली एवं भय से बाधित नेशनल हाइवे में अब आवागमन फिर से बहाल हो गया है।

टाटा एस वाहन का शीशा तोड़ा, गाली गलौज कर किया मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। घर के सामने खड़ी टाटा एस वाहन में तोड़फोड़ करने पर मना किया तो प्रार्थी व उसके बुआ के साथ गाली गलौज कर मारपीट किये जाने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मठपुरैना टिकरापारा निवासी कामताप्रसाद निर्मलकर 25 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शनिवार को मठपुरैना टिकरापारा में प्रार्थी अपने घर के सामने टाटा एस वाहन को खड़ा किया था जिसे महेश्वर निर्मलकर व मिथलेस निर्मलकर ने वाहन का शीशा तोड़ दिया। बीच बचाव करने आया तो गाली गलौज कर आरोपियों ने मारपीट किया।

किसान बाजार में दस दिनों में कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

धमतरी। आज सुबह महापौर श्री विजय देवांगन, कलेक्टर श्री रजत बंसल एवं एसपी श्री बीपी राजभानू ने स्थानीय पुरानी कृषि उपज मण्डी परिसर में स्थित किसान बाजार का आकस्मिक निरीक्षण किया, जहां पर उन्होंने जैविक सब्जियां खरीदीं। इस दौरान उन्होंने कोल्ड स्टोरेज के लिए प्रस्तावित स्थल का भी मुआयना किया। कलेक्टर ने आगामी दस दिनों के भीतर कोल्ड स्टोरेज की स्थापना के लिए सोलर सिस्टम स्थापित करने के निर्देश क्रेडा विभाग के अधिकारी को दिए। साथ ही किसान बाजार क्षेत्र को शत-प्रतिशत प्लास्टिक फ्री जोन बनाने के लिए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्वसहायता समूहों को प्राथमिकता से कार्य देने और सब्जियों का अन्यत्र पसरा लगाने वाले विक्रेताओं को प्रोत्साहित कर उन्हें समूह की गतिविधियों से जोड़ने के साथ-साथ जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए। इस दौरान महापौर व कलेक्टर ने जैविक खाद एवं उपचार से उत्पादित भिण्डी, टमाटर, गाजर, बरबट्टी, लौकी, धनिया, गाजर तथा मूली की सब्जियां खरीदीं। उन्होंने किसान बाजार में सब्जियां बेचने आए जैविक कृषकों से चर्चा कर बातें सुनीं। सहायक संचालक उद्यानिकी डीएस कुशवाह, निगमायुक्त आशीष टिकरिहा सहित मण्डी बोर्ड व कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU